POLITICAL SCIENCE Dep
BA-Part-2 (Hons) Paper 4

Dr. HUSNA ARA
Asst. Professor
Dr. L.K.V.D. College, Tajpur,
Samastipur

संविधानवाद की अवधारणाएं –

संविधानवाद राजनीतिक समाज के आदर्शों एवं मूल्यों से संबंधित होता है। विभिन्न राष्ट्रों के आदर्श एवं मूल्य अलग-अलग हो सकते हैं। अतः संविधानवाद की अवधारणा में भी भिन्नता हो सकती है। मोटे तौर पर संविधानवाद की तीन अवधारणाएं मानी जाती हैं –

1. संविधानवाद की पाश्चात्य अवधारणा।
2. संविधानवाद की साम्यवादी अवधारणा।
3. संविधानवाद की विकासशील लोकतंत्र की अवधारणा।

(1) संविधानवाद की पाश्चात्य अवधारणा –

इस अवधारणा के तहत व्यक्ति की स्वतंत्रता को साध्य माना जाता है। यह प्रणाली उदार लोकतंत्र में पाई जाती है। इस अवधारणा के तहत राजनीतिक शक्ति पर सुनिश्चित नियंत्रण व्यवस्था पाई जाती है। यहां व्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ राजनीतिक समानता, सामाजिक-आर्थिक न्याय, लोककल्याण की साधना, विधि का शासन आदि पाए जाते हैं। यहां शक्ति पृथक्करण पर जोर दिया जाता है। अमित समयान्तराल पर नियमित चुनाव होते हैं।

Scanned with CamScanner

(2) संविधानवाद की साम्यवादी अवधारणा -

साम्यवादी अवधारणा के अनुसार राजनीतिक शक्ति का आधार आर्थिक शक्ति है। उत्पादन के प्रमुख साधन एवं आर्थिक शक्ति पूँजीवादी व्यवस्था में केवल कुछ हाथों में ही रहते हैं जो इसका प्रयोग अपने हितों की पूर्ति के लिए करते हैं। इसलिए साम्यवादी ऐसी संस्थाओं की स्थापना के समर्थक हैं जिनमें आर्थिक शक्ति कुछ वर्गों में न रहकर सब व्यक्तियों के हाथ में रहे। उनकी धारणा है कि आर्थिक शक्ति सम्पूर्ण समाज में निहित होगी तो राजनीतिक शक्ति भी सम्पूर्ण समाज के नियंत्रण में आ जाएगी। इसमें उत्पादन के साधनों व वितरण पर सार्वजनिक स्वामित्व व सम्पत्ति के समान वितरण पर जोर दिया जाता है।

(3) संविधानवाद की विकासशील लोकतंत्र की अवधारणा -

विकासशील देशों में संविधानवाद अभी पूरी तरह स्थायी नहीं हो पाया है। राजनीतिक प्रक्रियाएं संक्रमण की अवस्था में हैं। अधिकांश विकासशील देश साम्राज्यवादी शक्तियों के दमन व शोषण के शिकार रहे हैं। यहां आर्थिक विकास की समस्या, राजनीतिक स्थायित्व की समस्या आदि पाई जाती है। फिर भी यहां संविधानवाद के कतिपय लक्षण स्पष्ट होने लगे हैं जैसे - यहां संविधान मिश्रित प्रकृति का है, संविधानवाद प्रवाह के दौर में है।

Dr. Jahana Ara
Asst. Professor

Scanned with CamScanner